Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 30-04-2007

Participants : Thummar Shri Virjibhai

Title: Need to take steps to construct an over-bridge at Udyog Nagar railway crossing on Amreli-Lathi Road, Amreli, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के लाठी रोड पर एक रेलवे क्रासिंग है जो अमरेली से बाहर निकलने का रास्ता है और यह रास्ता अहमदाबाद के लिए निकलता है। इस क्रासिंग के पास एक उद्योग नगर है जहां पर कई औद्योगिक इकाइयां काम कर रही है। इस रेलवे क्रासिंग पर आये दिन जाम हो जाता है और वाहनों की कतार काफी लम्बी हो जाती है जिसके कारण यातायात को आने जाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस अमरेली लाठी रोड पर रेलवे स्टेशन उद्योग नगर के क्रासिंग पर एक उपरिपुल बनाने हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाये।